# कक्षा XII
# गृह विज्ञान सैद्धांतिक (064)
# अभ्यास प्रश्नपत्र - 3 (2020-2021)

**अवधि: 3 घण्टे** **पूर्णांक: 70**

**सामान्य निर्देश:**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. कुल 36 प्रश्न हैं।
3. प्रश्न पत्र को तीन खंडों- क, ख और ग में बाँटा गया है।
4. खंड क में प्रश्न संख्या 1 से 14 (वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न) हैं और प्रत्येक 1 अंक का है।
5. खंड ख में प्रश्न संख्या 15 से 21 (केस स्टडी आधारित बहु-विकल्पीय प्रश्न) हैं और प्रत्येक 1 अंक का है।
6. खंड ग में प्रश्न संख्या 22 से 27 प्रत्येक 2 अंक के, प्रश्न संख्या 28 और 29 प्रत्येक 3 अंक के, प्रश्न संख्या 30 से 33 प्रत्येक 4 अंक के और प्रश्न संख्या 34 से 36 प्रत्येक 5 अंक के है।
7. कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
8. जहाँ भी आवश्यक हो, उपयुक्त उदाहरणों के साथ अपने उत्तरों का समर्थन करें।

| क्रमांक | खंड - क (वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न)<br>बहु-विकल्पीय प्रश्न | अंक |
|---|---|---|
| 1 | खाद्य पदार्थ जो किसी विशिष्ट आवश्यकता वाले व्यक्ति के लिए तैयार किए जाते हैं, बीमारी के अनुसार केवल डॉक्टरी नुस्खे पर उपयोग किए जा सकते हैं, उनके नाम बताएँ।<br>क) प्रति-ऑक्सीकारक<br>ख) पादप रसायन<br>ग) पोषण औषध<br>घ) चिकित्सीय खाद्य पदार्थ | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | **अथवा**<br>**खाद्य पदार्थों में प्राप्त प्रति-ऑक्सीकारक व्यक्ति के पोषण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, उनका नाम बताएँ।**<br>**क) बीटा-केरोटीन**<br>**ख) लोहा**<br>**ग) विटामिन B**<br>**घ) विटामिन D** | |
| 2 | **अर्थ पूर्ण कार्य क्या है ?**<br>**क) समाज के लिए अनुपयोगी**<br>**ख) पूरी ज़िम्मेदारी के साथ किया जाए**<br>**ग) मानसिक संतुष्टि प्राप्त हो**<br>**घ) दोनों ख) और ग)** | 1 |
| 3 | **अतिथि चक्र के चरण इस प्रकार हैं- आगमन पूर्व,-----------------, कमरे पर आधिपत्य और प्रस्थान ।**<br>**क) आगमन**<br>**ख) स्वागत**<br>**ग) आगमन के बाद**<br>**घ) चैक-आउट** | 1 |
| 4 | **------------------------ धुलाईघर में वस्त्रों की इस्त्री पर विशेष ध्यान नहीं दिया जाता है**<br>**क) विमान कंपनियों**<br>**ख) होटल**<br>**ग) अस्पताल**<br>**घ) सैरगाह**<br>**अथवा**<br>**-------------- % या उससे अधिक कार्य हस्त-चालित धुलाई मशीन में करना पड़ता है।**<br>**क) 10%**<br>**ख) 40%**<br>**ग) 50%**<br>**घ) 70%** | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 5 | **रेड रिबन एक्सप्रेस ट्रेन के माध्यम से किस के बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारी दी गई है?**<br>क) एनीमिया<br>ख) एच. आई. वी./ एड्स<br>ग) कुपोषण<br>घ) उच्च रक्तचाप | 1 |
| 6 | **मिलान कीजिए**<br>A) खाद्य संक्रमण — i) पत्थर, लकड़ी<br>B) जैविक संकट — ii) वर्जित खाद्य रंग<br>C) रासायनिक संकट — iii) संक्रमण एवं आविषालुता<br>D) भौतिक संकट — iv) साल्मोनेला<br>सही विकल्प चुनें :<br>क) A - iv), B - iii), C - ii), D - i)<br>ख) A - ii), B - iv), C- i), D - iii)<br>ग) A - i), B - ii), C- iv), D - iii)<br>घ) A - iii), B - iv), C - i), D - ii) | 1 |
| 7 | **इनमें से कौन सा क्रय एजेंसी का उत्तरदायित्व नहीं है ?**<br>क) विक्रेताओं की पहचान करना<br>ख) मूल्य का मोलभाव करना<br>ग) गुणवत्ता की जाँच करना<br>घ) बेचना | 1 |
| 8 | **होटल के बाहर के भू-दृश्य की व्यवस्था ----------------------का कार्य हैं।**<br>क) गृह व्यवस्था नियंत्रण डेस्क<br>ख) अतिथि गृह ब्रिगेड<br>ग) खोया पाया अनुभाग<br>घ) उद्यान तथा पुष्प प्रबंधन टीम | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | **रिक्त स्थान भरिए-** | |
| 9 | **यह 10-60 सेकंड के छोटे-छोटे संदेश होते हैं जिन्हें कार्यक्रमों के बीच में प्रसारित किया जाता है, -------------------------------- के अंतर्गत आते हैं \|**<br><br>**क) प्रतीक चिन्ह**<br>**ख) सार्वजनिक सेवा घोषणा**<br>**ग) शैक्षणिक सामग्री**<br>**घ) विषय विस्तृत जानकारी**<br><br>**अथवा**<br>**स्व-नियोजित महिला संघ (SEWA) भारत में ----------------------------- में कार्यरत लाखों निर्धन महिलाओं का संगठन है \|**<br>**क) औपचारिक क्षेत्र**<br>**ख) कारोबारी क्षेत्र**<br>**ग) अनौपचारिक क्षेत्र**<br>**घ) संचार क्षेत्र** | 1 |
| 10 | **---------------------------- का उपयोग कार्यस्थल पर उत्पादकता बढ़ाने के लिए किया जाता है \|**<br>**क) सुकार्यिकी**<br>**ख) तकनीकी अक्षमता**<br>**ग) चुनौतियाँ**<br>**घ) संकट** | 1 |
| 11 | **चित्र को पहचान कर, कला का नाम एवं किस राज्य से संबंधित है बताएँ \|**<br> | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | **अथवा**<br><br>**कला की तकनीक को पहचानें और जिस राज्य में यह प्रसिद्ध है उसका नाम दें।**<br><br> | |
| 12 | **हॉलमार्क का मानक चिन्ह बनाएँ।** | 1 |
| 13 | **विकास संचार की दो प्रमुख विशेषताएँ बताएँ।** | 1 |
| 14 | **आपकी बहन अपना क्रैच खोलना चाहती है I इसके लिए उसे किन पहलूओं का ध्यान रखना चाहिए ?**<br>**अथवा**<br>**प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के मार्गदर्शी सिद्धांत बताएँ।** | 1 |
| | **खंड -- ख (केस स्टडी आधारित वस्तुनिष्ठ प्रश्न)** | |
| 15 | **प्रोटीन -ऊर्जा कुपोषण आज देश के प्रत्येक समाज एवं देश की समस्या है। विकासशील देशों में यह समस्या विकसित देशों की अपेक्षा अधिक है। इसका मुख्य कारण- व्यक्ति की दैनिक पौष्टिक आवश्यकतानुसार भोजन की मात्रा एवं गुणवत्ता का कम होना है। इसके अतिरिक्त बच्चों में संक्रमण, जैसे- दस्त, खसरा, श्वसन संबंधी संक्रमण, आंतों में कीड़े भी प्रोटीन -ऊर्जा कुपोषण को बढ़ावा देते हैं।**<br><br>**मरास्मस रोग मुख्यतः किसकी कमी से होता है ?**<br>**क) विटामिन ए की कमी**<br>**ख) लोहे की कमी**<br>**ग) विटामिन डी की कमी**<br>**घ) ऊर्जा एवं प्रोटीन की कमी** | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 16 | बच्चों में प्रोटीन एवं ऊर्जा की कमी से कौन सा रोग होता है ?<br>क) रात्रि अंधता<br>ख) गलगंड<br>ग) क्वाशियोरकर<br>घ) अरक्तता | 1 |
| 17 | कौन सा रोग व्यस्कों में लोहे की कमी से होता है ?<br>क) रिकेट्स<br>ख) अस्थिमृदुता<br>ग) क्षय रोग<br>घ) अरक्तता | 1 |
| 18 | इनमें से कौन सा कथन गलत है –<br>क) बच्चों में संक्रमण- खसरा, दस्त भी कुपोषण को बढ़ावा देता है\|<br>ख) आंतों में कीड़े भी कुपोषण को जन्म देते हैं \|<br>ग) विकासशील देशों में यह समस्या न के बराबर है \|<br>घ) भोजन की कम मात्रा कुपोषण को बढ़ाती है | 1 |
| | बड़ी संस्थाओं जैसे- बड़े अस्पताल, होटल में अपने धुलाई विभाग होते हैं \|<br>● स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र - इनके धुलाई घरों में सफाई, स्वच्छता एवं विसंक्रमण पर विशेष ध्यान दिया जाता है \| अस्पताल में मुख्यतः पक्के रंग वाले कपड़ों को प्रयोग में लाया जाता है, जिन्हें आसानी से धोया जा सकता है \| इन कपड़ों पर विशेष परिसज्जाओं जैसे कलफ लगाने या विरंजन करने पर ध्यान नहीं दिया जाता है \|<br>● आतिथ्य सत्कार क्षेत्र - इस क्षेत्र में सफाई एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाता है \| सफेद कपड़ों को विरंजन किया जाता है, जिससे वे बेदाग साफ हो जाएं \|<br>होटल अथवा रेस्टोरेंट में विभिन्न प्रकार के रेशों, बुनाई एवं परिसज्जाओं वाले कपड़े होते हैं\| अतः धुलाई करते समय उपयुक्त धोने की सामग्री एवं प्रक्रिया का ध्यान रखा जाता है \| | |

| | | |
|---|---|---|
| 19 | अस्पताल मे किस प्रकार के कपड़ों को प्रयोग में लाया जाता है ?<br>क) सिंथेटिक<br>ख) सिल्क<br>ग) सूती<br>घ) ऊनी | 1 |
| 20 | किस क्षेत्र में कपड़ों के सौंदर्य बोध एवं परिसज्जा पर विशेष ध्यान दिया जाता है?<br>क) अस्पताल<br>ख) हॉस्टल<br>ग) होटल<br>घ) जेल<br>अथवा<br>------------------------ की पद्धति प्रत्येक ग्राहक के अनुरूप वस्त्रों को पहचानने में मदद करती है\|<br>क) मशीन<br>ख) सांकेतिक पट्टियों<br>ग) मरम्मत<br>घ) कड़ा करना | 1 |
| 21 | इनमें से कौन सी परिसज्जा नहीं है ?<br>क) तह लगाना<br>ख) इस्त्री करना<br>ग) कलफ लगाना<br>घ) कैलेंडरिंग<br>अथवा<br>परिचालक के हस्तक्षेप की ------------------------- में जरूरत नहीं पड़ती है\|<br>क) हस्त-चालित मशीन<br>ख) पूर्णतया-स्वचालित मशीन<br>ग) अर्थ-स्वचालित मशीन<br>घ) धुलाई घर | 1 |

| | खंड - ग | |
|---|---|---|
| 22 | अपना कार्य-जीवन कैसे सुधार सकते हैं?<br>अथवा<br>एक समझदार एवं योग्य प्रबंधक किस प्रकार उत्तम कार्य - परिवेश उपलब्ध करवा सकता है? चार बिंदु लिखिए। | 2 |
| 23 | नैदानिक पोषण विज्ञान में आप किस प्रकार अपनी जीविका के लिए क्षेत्र चुन सकते हैं ? | 2 |
| 24 | 'छिपी भूख' से आप क्या समझते हैं?<br>अथवा<br>अल्पभारी और क्षयकारी में अंतर दीजिए। | 2 |
| 25 | सफल पत्रकारिता के लिए भाषा तथा कंप्यूटर कौशल का ज्ञान होना बहुत जरूरी है, समझाएँ \| | 2 |
| 26 | खाद्य तथा पेय पदार्थ विभाग क्या सेवाएँ प्रदान करता है ? | 2 |
| 27 | एस. ओ. एस. बाल गाँव क्या है ? इसके दो उद्देश्य लिखिए \| | 2 |
| 28 | औपचारिक संतुलन एवं क्षैतिज संतुलन में अंतर स्पष्ट कीजिए। उपयुक्त चित्र भी बनाइए \| | 3 |
| 29 | भारत में युवाओं के लिए चलाए जा रहे कोई तीन प्रमुख कार्यक्रमों का विवरण दीजिए \|<br>अथवा<br>वृद्धजन क्यों संवेदनशील हैं ? छह बिंदु लिखिए \| | 3 |
| 30 | आपके मित्र को वस्त्रों की देखभाल तथा रखरखाव के क्षेत्र में जीविका कमाने के लिए किन कौशलों की जरूरत पड़ेगी ? इसका कार्य क्षेत्र बताएँ \|<br>अथवा<br>रमा अपने भारी पर्दे धोबी से प्रेस करवाना चाहती है\| बताइए वे किस तरह की इस्त्री का इस्तेमाल करते हैं और इसका क्या लाभ है ? | 4 |

| | | |
|---|---|---|
| 31 | आपके भाई ने जैम- जैली बनाने की फैक्टरी लगाई है, खाद्य गुणवत्ता के लिए उसे किन बातों को सुनिश्चित करना चाहिए? | 4 |
| 32 | किशोर न्याय अधिनियम के अनुसार किस प्रकार के बच्चे अपराधी कहलाते हैं ? | 4 |
| 33 | खाद्य प्रसंस्करण एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में स्वरोजगार किस प्रकार आप शुरू कर सकते हैं, समझाएँ \| | 4 |
| 34 | आहार चिकित्सा क्या है ? इसके चार उद्देश्य लिखिए \| आहार के दो प्रकार भी बताइए \| | 5 |
| 35 | आपकी माता जी को खरीद के दौरान होने वाली धोखाधड़ी / समस्याओं से अवगत कराएँ ? मानकीकरण चिन्ह क्या है? कोई दो को विस्तार पूर्वक समझाएँ\|<br>अथवा<br>उपभोक्ता शिक्षा और संरक्षण में प्रशिक्षण लेने के बाद विद्यार्थियों को कौन से जीविका कमाने के अवसर प्राप्त होते हैं, समझाएँ \| | 5 |
| 36 | आप अपने परिधान में अनुरूपता किस प्रकार से ला सकते हैं ? दो उदाहरण द्वारा समझाइए \| | 5 |